4026

Sale of Immovable Properties

**Indian-Non Judicial Stamp**
**Haryana Government**

Date : 08/08/2019

Certificate No. JCH2019H84

GRN No. 56094007

Stamp Duty Paid : ₹ 145900
(Rs. Only)

Penalty : ₹ 0
(Rs. Zero Only)

**Seller / First Party Detail**

Name: Raghbir Singh

H.No/Floor : Na Sector/Ward : Na LandMark : Vpo baraktabad nayagaon

City/Village : Bahaduegarh District : Jhajjar State : Haryana

Phone: 00

**Buyer / Second Party Detail**

Name : Hl Residency Pvt ltd

H.No/Floor : B12 Sector/Ward : 3 LandMark : Vishrantika apartment plot 5a

City/Village: Dwarka District : South west State : Delhi

Phone : 94******66

Purpose : Sale Deed

The authenticity of this document can be verified by scanning this QrCode Through smart phone or on the website https://egrashry.nic.in

**बैयनामा 29,16,600/-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. किस्म वसीका | : | बैयनामा |
| 2. गांव का नाम | : | बरकताबाद |
| 3. मालियती | : | 29,16,600/- |
| 4. स्टाम्प मालियती | : | 1,04,900/- |
| 5. ई-स्टाम्प नम्बर | : | **JCH2019H84** |
| 6. तारीख | : | 08.08.2019 |
| 7. रकबा | : | 0 कनाल 13 मरले 03 सरसाई |

THE SUB REGISTRAR BAHADRUGARH

मै कि रघबीर सिंह पुत्र जागेराम पुत्र शेरसिंह निवासी व बिस्वेदार ग्राम बरकताबाद तहसील बहादुरगढ जिला झज्जर का हूं। जोकि अराजी जरई रकबा खेवट नं0 199/190 मिन, खाता नं0 276 मु0 न0 34 किला न0 23/1(1-11) का 1/3 भाग बकदर रकबा 0 कनाल 10 मरले 03 सरसाई व खेवट 204/194 खाता न0 281 मिन मु0 न0 34 किला न0 21/1/1(0-01), मु0 न0 35 किला न0 25/1(0-09) का 3/10 भाग

रघबीर सिंह

Raghbir Singh

For HL RESIDENCY (P) LTD

Auth.Sign.

प्रलेख न:4026 दिनांक:09-08-2019

| डीड सबंधी विवरण | | |
|---|---|---|
| डीड का नाम SALE OUTSIDE MC AREA | | |
| तहसील/सब-तहसील बहादुरगढ | गांव/शहर बरकताबाद बरकताबाद | स्थित बरकताबाद |
| **भवन का विवरण** | | |
| **भूमि का विवरण** | | |
| निवासीय | | 13.3 Marla |
| **धन सबंधी विवरण** | | |
| राशि 2916600 रुपये | | कुल स्टाम्प ड्यूटी की राशि 145830 रुपये |
| स्टाम्प नं : jch2019h84 | स्टाम्प की राशि 145900 रुपये | |
| रजिस्ट्रेशन फीस की राशि 15000 रुपये | EChallan:56094104 | पेस्टिंग शुल्क 3 रुपये |
| Drafted By: रविन्द्र कौशिकवकील | | Service Charge:200 |

यह प्रलेख आज दिनांक 09-08-2019 दिन शुक्रवार समय 1:14:00 PM बजे श्री/श्रीमती/कुमारी रघबीर सिह पुत्र जागेराम निवास द्वारा पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया गया |

उप/सयुंक्त पंजीयन अधिकारी (बहादुरगढ )

हस्ताक्षर प्रस्तुतकर्ता
रघबीर सिह

प्रलेख में वर्णित क्षेत्र नगर एवं ग्रामीण आयोजना विभाग के अधिनियम 1975 की धारा 7-ए के अंतर्गत अधिसूचित है इसलिए दस्तावेज को पंजीकृत करने से पूर्व संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है |

या

प्रलेख में वर्णित क्षेत्र नगर एवं ग्रामीण आयोजना विभाग के अधिनियम 1975 की धारा 7-ए के अंतर्गत अधिसूचित नहीं है इसलिए दस्तावेज को पंजीकृत करने से पूर्व सबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है|

दिनांक 09-08-2019
रघबीर सिह

उप/सयुंक्त पंजीयन अधिकारी (बहादुरगढ )

उपरोक्त क्रेताव श्री/श्रीमती/कुमारी HL residency Pvt. Ltd बजरिये अधिकृत हस्ताक्षरी नवीन कुमार पुत्र --- हाजिर है | प्रस्तुत प्रलेख के तथ्यों को दोनों पक्षों ने सुनकर तथा समझकर स्वीकार किया | प्रलेख के अनुसार 0 रुपये की राशि विक्रेताने मेरे समक्ष क्रेता को अदा की तथा प्रलेख मे वर्णित अग्रिम अदा की गई राशि के लेन देन को स्वीकार किया |दोनों पक्षों की पहचान श्री/श्रीमती/कुमारी विरेन्द्र नम्बरदार पिता --- निवासी नूना माजरा व श्री/श्रीमती/कुमारी जोगेन्द्र पिता भरत सिह निवासी बरकताबाद ने की |
साक्षी नं:1 को हम नम्बरदार/अधिवक्ता के रूप मे जानते है तथा वह साक्षी नं:2 की पहचान करता है |

दिनांक 09-08-2019

उप/सयुंक्त पंजीयन अधिकारी( बहादुरगढ )

बकदर 0 कनाल 03 मरले कुल रकबा हर दो खेवट का 0 कनाल 13 मरले 03 सरसाई वाक्या मौजा रकबा ग्राम बरकताबाद तहसील बहादुरगढ़ का मै बरूवे फर्द-जमाबन्दी साल 2014-2015 व बरूवे इन्तकाल नम्बर 3783 तकसीम की रूह से मालिक काबिज हूं। मेरी उक्त अराजी हर प्रकार के भार से मुक्त है। अब मैने स्वस्थ चित्त व स्थिर बुद्धि की अवस्था में उक्त अराजी को मयहक-हकूक हर किस्मी, दाखिली व खारिजी, रास्ता, नालचाह, पानी वगैरा के बमुकाबले मुबलिग 29,16,600/-रू0 (उन्नतीस लाख सोलह हजार छह: सौ रूपये) आधे जिनके मुबलिग 14,58,300/- रू0 होते है। बदस्त **HL Residency Pvt. Ltd., Regd. Office B-12, Vishrantika Apartment, Plot No. 5A, Sector-3, Dwarka Delhi-110075** बजरिए अधिकृत हस्ताक्षरी नवीन कुमार को कतई बिक्री कर दी है तथा उक्त रकबे का तमाम बिक्रीधन निम्न प्रकार वसूल पर लिया है, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

| S.No. | NAME | Cheque No. & Bank | AMOUNT |
|---|---|---|---|
| 1 | **RAGHBIR SINGH** | 011892/OBC, Bahadurgarh | 29,16,60/- |
| 2 | **RAGHBIR SINGH** | 011893/OBC, Bahadurgarh | 29,16,60/- |
| 3 | **RAGHBIR SINGH** | 011894/OBC, Bahadurgarh | 29,16,60/- |
| 4 | **RAGHBIR SINGH** | 011895/OBC, Bahadurgarh | 20,41,620/- |

अब रूपये का कोई लेन-देन बकाया नही रहा है, कोई रकम बकाया नही है। यह कि विक्रेतागणों ने स्वेच्छा से, बिना किसी के दबाव व धमकावे, पूरे होश व हवाश के साथ चेतन अवस्था में उक्त भमि क्रेता कम्पनी **HL Residency Pvt. Ltd.** को बेच दी है तथा अपने स्वामित्व के तमाम अधिकार हक-हकूक, दाखिल-खारिज क्रेता कम्पनी के पक्ष में हस्तांतरित कर दिए हैं और इसके साथ ही उक्त भूमि से सम्बन्धित सभी अधिकार, स्वामित्व, हित-लाभ, सुविधाएं, रास्ता-नाला, टयूबवैल-कोठा, दरख्तान व मलबा इत्यादि जो कुछ भी इस भूमि पर स्थित है सभी के अधिकार बिना किसी अधिकार के क्रेता कम्पनी के पक्ष में पूर्णत: तथा हमेशा के लिए हस्तांतरित कर दिए गए है और विक्रेतागण ने इस भूमि को वास्तविक, खाली एवं शान्तिपूर्ण कब्जा हवाले क्रेता कम्पनी के कर दिया है। हम विक्रेतागण निम्नलिखित घोषणा करते है:-

1. यह कि उक्त भूमि सरप्लस का हिस्सा नही है और ना ही किसी भी प्राधिकरण या सरकार द्वारा किसी योजना के अर्न्तगत अधिग्रहण की जा रही है।
2. यह कि मौजूदा बैयनामा के निष्पादन के पश्चात विक्रेतागण तथा उनके वारसान एवं अन्य प्रतिनिधियों का उपरोक्त वर्णित भूमि में कोई अधिकार नही रहा है और खरीददारा कम्पनी को उपरोक्त भूमि का पूर्ण रूप से मालिक व काबिज बना दिया गया है।
3. यह कि क्रेता को यह अधिकार होगा कि वह इस बैयनामा के आधार पर राजस्व रिकार्ड में उक्त

रघबीर सिंह

Raghbir Singh

THE SEAL OF ... BAHADURGARH

For HL RESIDENCY (P) LTD.

Auth.Sign.

भूमि का इन्तकाल अपने नाम दर्ज व मन्जूर करावे, इसमे हम बायान को कोई उजर-एतराज ना होगा। जिसके सम्बन्ध में विक्रेतागण द्वारा अलग से एक मुख्तयारनामा खास भी तहरीर व तस्दीक करा दिया गया है।

अतः विक्रेतागण क्रेता के साथ यह अनुबन्ध कर घोषणा करते है कि:-

1. यह कि विक्रेतागण खरीददार से यह अनुबन्ध करते है कि उक्त भूमि पर अब तक किसी प्रकार का कोई कर/टैक्स, तकावी, बैंक-लोन, बिजली-पानी का बिल आदि की अदायगी बकाया नही है और यदि भविष्य में आज से पहले की कोई अदायगी बकाया निकलेगी तो उस सब की तमाम देनदारी व जिम्मेवारी विक्रेतागण व उनके वारसानों की होगी, खरीददार कम्पनी का कोई वास्ता या जिम्मेदारी इस देनदारी की ना होगी।
2. यह कि विक्रेतागण यह घोषणा करते है कि उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद, कोर्ट केस, स्टे-आर्डर, अपील आदि किसी भी न्यायालय या अधिकरण, प्रशासनिक प्राधिकरण आदि मे लम्बित नही है और उक्त भूमि हर प्रकार से पाक-साफ, भार-मुक्त व दोष-मुक्त है।
3. यह कि विक्रेतागण ने खूब सोच विचार कर समझकर अपने-अपने परिवारवालों की सहमति से व अपने-अपने परिवारों के फायदे व जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खरीददार कम्पनी को बिक्री की है तथा विक्रेतागण के परिवार के किसी भी सदस्य को उक्त भूमि को बेचे जाने में एतराज नही है।

   यह कि इस बैयनामा की अनुपालना करते हुए विक्रेतागण ने उक्त भूमि से सम्बन्धित सभी असल दस्तावेज खरीददार के हवाले कर दिए हैं, किन्तु यदि कोई असल दस्तावेज जोकि खरीददार के हवाले किया जाना चाहिए था परन्तु नही दिया जा सका और भविष्य में तलाश कर लिया गया तो विक्रेतागण यह वचन देते है कि उन दस्तावेजों को खरीददार को सौंप देंगें तथा ऐसे दस्तावेजों को खरीददार के विरूद्ध इस्तेमाल ना करेंगे।
4. यह कि उक्त भूमि से सम्बन्धित यदि आज के बाद कभी भी विक्रेतागण के मालिकाना हक मे कोई नुक्स या कमी निकलेगी या कोई दीगर शख्स दावेदार होगा या कोई गलतब्यानी निकलेगी या यहां लिखे अनुबन्धों मे से किसी की भी अवमानना हो गई या उक्त अराजी की नुक्से-मलकियती से कब्जा खरीददारा कम्पनी से निकल गया तो विक्रेतागण व उनके वारसान हर प्रकार से खरीददार की लागत, स्टाम्प खर्चा, पंजीकरण फीस समेत अन्य विविध खर्चो की क्षति-पूर्ति मय हर्जा-खर्चा वहन करेंगें। इसके अलावा यदि इस भूमि से सम्बन्धित कोई सरकारी या गैर सरकारी अदायगी बकाया निकलेगी तो इन सभी तो उस सूरत मे खरीददार को क्षति-पूर्ति की जाएगी।

THE SEAL OF ... SUB REGISTRAR ... BAHADURGARH

रघबीर सिंह

Raghbir Singh

For HL RESIDENCY (P) LTD.

Auth.Sign.

5. यह कि विक्रेतागण ने इस बैयनामा दस्तावेज को अपनी भाषा में भली-भांति पढ़, सुन व समझ लिया है और इसमे वर्णित सभी शर्तो से सहमत है और अपने पूर्ण होशो-हवाश व स्वेच्छा से इस दस्तावेज को निष्पादित किया है।
6. यह कि विक्रेतागणो ने क्रेता कम्पनी का मौके पर कब्जा बिक्रीत भमि पर करा दिया है तथा क्रेता कम्पनी बिक्रीत भमि की हर प्रकार से मालिक-काबिज हो गई है।
7. यह कि उपरोक्त भूमि के मौजूदा बैयनामा से सम्बन्धित स्टाम्प खर्चा व पंजीकरण फीस समेत अन्य विविध खर्चों का वहन एवं भुगतान खरीददार कम्पनी द्वारा किया गया है।
8. यह कि डी.टी.पी. झज्जर कार्यालय की एन.ओ.सी. मेमो न0 जे.आर./डी.टी.पी.-पी/2070 दिनांक 26.04.2019 की शर्त न0 2 के अनुसार खरीददार कम्पनी बिक्रीत भमि पर बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई निर्माण कार्य नही करेगी।

अतएव दोनो पक्षों ने खूब सोच-समझकर बिना किसी डराए, धमकाए या बहकावे मे आए अपनी पूर्ण इच्छा से स्वस्थ मस्तिष्क, स्वस्थ इन्द्रियों एवं चेतन अवस्था में यह बिक्री पत्र लिख दिया कि प्रमाण रहे और समय पर काम आवे। आज दिनांक 09-08-2019

रघबीर सिंह
आधार न0 Raghbir Singh

**HL Residency Pvt. Ltd.**
खरीददारा कम्पनी बजरिए नवीन कुमार
For HL RESIDENCY (P) LTD.
अधिकृत हस्ताक्षरी
Auth.Sign.

साक्षी न0 1 :
विरेन्द्र


THE SEAL OF THE SUB REGISTRAR BAHADRUGARH

साक्षी न0 2 :
जोगिन्दर सिंह S/o भरत सिंह बरकताबाद

तहरीर हजा फरीकेन को
पढ़कर सुना व समझा दिया है।

Drafted by :-
Ravinder Kaushik, Advocate
Civil Court, Bahadurgarh
Distt. Jhajjar, Ph. 9315334964

| Reg. No. | Reg. Year | Book No. |
|---|---|---|
| 4026 | 2019-2020 | 1 |



विक्रेता



क्रेता



गवाह



उप/सयुंक्त पंजीयन अधिकारी

विक्रेता :- रघबीर सिह Raghbir Singh

क्रेता :- HL residency Pvt. Ltd बजरिये अधिकृत हस्ताक्षरी नवीन कुमार

For HL RESIDENCY (P) LTD.
Auth.Sign.

गवाह 1 :- विरेन्द्र नम्बरदार

गवाह 2 :- जोगेन्द्र

THE SEAL OF THE SUB REGISTRAR BAHADRUGARH

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि यह प्रलेख क्रमांक 4026 आज दिनांक 09-08-2019 को बही नं 1 जिल्द नं 16 के पृष्ठ नं 57.75 पर किया गया तथा इसकी एक प्रति अतिरिक्त बही संख्या 1 जिल्द नं 126 के पृष्ठ संख्या 16 से 18 पर चिपकाई गयी | यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस दस्तावेज के प्रस्तुतकर्ता और गवाहों ने अपने हस्ताक्षर/निशान अंगूठा मेरे सामने किये है |

दिनांक 09-08-2019

उप/सयुंक्त पंजीयन अधिकारी( बहादुरगढ )